माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – examcontroller@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 2504 / परीक्षा / MSU / 2022–23 दिनांक : 01.02.2023

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या,
राजकीय/अशासकीय अनुदानित/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,संस्थान/
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।

विषय:- परीक्षा समिति के निर्णयानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के सम्बन्ध में।

उपर्युक्त विषयक के सम्बन्ध में अवगत करना है की विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया है की शैक्षिक सत्र 2022-2023 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को परास्नातक स्तर पर लागू किये जाने में आ रही कठिनाइयों के दृष्टिगत शैक्षणिक सत्र 2023-2024 से परास्नातक स्तर राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 को लागू किया जाये। चूँकि शैक्षणिक सत्र -2022-2023 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू नहीं की जा रही है, अतः ऐसी स्थिति में शैक्षणिक सत्र 2022-2023 में परास्नातक स्तर पर व्यक्तिगत परीक्षा कराये जाने का निर्णय लिया गया है , किन्तु शैक्षणिक सत्र 2023-2024 में व्यक्तिगत परीक्षा नहीं सम्पन्न करायी जायेगी | परीक्षा समिति द्वारा लिये गए निर्णय के अनुपालन में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया आपके महाविद्यालय संस्थान के विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति द्वारा लिए गए उक्त निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करें।

2. शासन द्वारा निर्धारित शैक्षणिक कैलेंडर के अनुरूप विद्यार्थियों का समय से परीक्षा फल घोषित किए जाने के दृष्टिगत विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि सत्र 2022-2023 से विश्वविद्यालय में (विधि एवं NCTE एवं नियामक संस्था द्वारा संचालित पाठ्यक्रम को छोड़कर) सम समेस्टर की परीक्षाएं बहुविकल्पीय परीक्षा पद्धति (MCQ) के आधार पर सम्पन्न कराई जाये ।

अतः परीक्षा समिति द्वारा लिए गए निर्णय के अनुपालन में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया अपने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को परीक्षा समिति के उक्त निर्णय से अवगत कराते हुए उक्तानुसार महाविद्यालयों में पठन पाठन का कार्य यथाशीघ्र प्रारंभ करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(अरुण कुमार यादव)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि:-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. कुलपति कार्यालय की माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ
2. कुलसचिव
3. सहायक कुलसचिव
4. प्रभारी परीक्षा विभाग/ गोपनीय विभाग/ अति गोपनीय विभाग
5. समस्त सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के सम्पादकों को इस आशय से प्रेषित कि छात्र हित में विश्वविद्यालय परिक्षेत्र में नि:शुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

(कमल कृष्ण)
सहायक कुलसचिव